भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 2626

दिनांक 04 अगस्त, 2026 के लिए उत्तर

पशु रोगों के नियंत्रण के लिए राज्यों को सहायता

2626. डॉ. एम. पी. अब्दुस्समद समदानीः

श्री आशीष दुबेः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को केरल राज्य सरकार से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है, जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 'पशु रोगों के नियंत्रण के लिए राज्यों को सहायता' (एएससीएडी) के अंतर्गत आवंटित केंद्रीय हिस्सा अत्यंत ही अपर्याप्त है, तथा इसे बढ़ाकर 1679.625 लाख रुपये करने का अनुरोध किया गया है;

(ख) क्या सरकार ने राज्य के चालू पशुचिकित्सा अंतःक्षेपों उपायों के लिए सहायता प्रदान करने हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एएससीएडी (60:40 लागत-साझाकरण) घटक के अंतर्गत 180.618 लाख रुपये के लंबित केंद्रीय सहायता बिलों को स्वीकृत करने के लिए कदम उठाए हैं; और
(ग) देश में, मध्य प्रदेश के जिला-वार कार्यक्रम सहित पशुचिकित्सकों और पैरा-पशुचिकित्सा पेशेवरों के लिए आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का राज्य/जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) और (ख) पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम(LHDCP) के तहत राज्य के लिए आवंटन का निर्धारण करने वाले मुख्य मानदंडों में से एक राज्य की पशुधन आबादी थी। तदनुसार, पशु रोगों के नियंत्रण के लिए राज्यों को सहायता (ASCAD) के तहत, केरल राज्य को वर्ष 2026-27 के लिए 69.00 लाख रुपये आवंटित किए गए थे। राज्य को 31.74 लाख रुपये की राशि जारी की गई है, और आज तक कोई व्यय नहीं किया गया है। इसके अलावा, आवंटन में किसी प्रकार की वृद्धि राज्य को जारी राशि के समय से उपयोग और निधि की उपलब्धता पर निर्भर करता है। साथ ही, वर्ष 2025-26 के दौरान, राज्य 180.81 लाख रुपये का उपयोग नहीं कर सका, जो वित्तीय वर्ष के अंत में व्यपगत(lapsed) हो गया।

(ग) क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता दी जाती है। राज्यों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश को सम्मिलित करते हुए वर्ष 2025-26 के दौरान प्रशिक्षित पशु चिकित्सा और पैरा-पशुचिकित्सा पेशेवरों की संख्या का विवरण अनुबंध-I में संलग्न है। इसके अलावा, जिला स्तर पर प्रशिक्षण का विवरण संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा रखा जाता है।

अनुबंध-I

वर्ष 2025-26 के दौरान प्रशिक्षित पशु चिकित्सा और पैरा-पशुचिकित्सा पेशेवरों की संख्या का राज्यवार विवरण

क्र. सं.	**राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र**	**प्रशिक्षित पशु चिकित्सा और पैरा-पशुचिकित्सा पेशेवर**
1	आंध्र प्रदेश	2061
2	अरुणाचल प्रदेश	84
3	असम	138
4	छत्तीसगढ़	280
6	हरियाणा	1613
7	हिमाचल प्रदेश	48
8	झारखंड	532
9	कर्नाटक	60
10	केरल	110
11	मध्य प्रदेश	1533
12	महाराष्ट्र	66
13	मेघालय	158
14	ओडिशा	2753
15	पंजाब	186
16	राजस्थान	1309
17	सिक्किम	177
18	तमिलनाडु	74
19	तेलंगाना	40
20	उत्तराखंड	54
21	पश्चिम बंगाल	368
22	दिल्ली	55
23	जम्मू और कश्मीर	300
24	लद्दाख	211
25	लक्षद्वीप	14
	कुल	**12224**